हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 6 फरवरी 2026

06 छीपानेर के शंकर मंदिर घाट से अवैध उत्खनन...



07 जिला एवं सिविल अस्पताल सारंगपुर...





## खबर संक्षेप

### बॉडी बिल्डिंग/वेस्ट फिजिक चेंपियनशिप 8 फरवरी को

**सीहोर।** राष्ट्रीय रेफरी अन्तराष्ट्रीय कोच गणेश चौरसिया ने बताया कि सम्भाग स्तरीय बॉडी बिल्डिंग चैम्पीयनशिप एवं वेस्ट फिजिक का आयोजन दिनांक 8 फरवरी दिन रविवार को मानस भवन पोलोटेक्निक चौराहा भोपाल में आयोजित होने जा रही है। बॉडी बिल्डिंग केटेगिरी 55 किलो वर्ग से शुरु है, जिसमें आठ ग्रुप होगें। मेन में फिजिक का होगा। इस प्रतियोगिता का वेस्ट ग्रुप प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक किया जावेगा एवं प्रतियोगिता दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगी।

### सड़क पर मवेशी छोड़ने पर होगी कार्रवाई

**सीहोर।** सड़क पर पाये जाने वाले गोवंश को स्थानीय निकाय के कर्मचारियों द्वारा किसी सुदूर गोशाला या गोठान में पहुँचा दिया जायेगा। दुधारू गोवंश को छोड़ने पर पशु मालिक पर आर्थिक रूप से दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी। इस अप्रिय स्थिति से बचने के लिए गोपालक अपने मवेशियों को सड़कों पर भटकने से बचाये और शासन-प्रशासन को सहयोग करें। पशुपालकों से अपील की है कि अपने गोवंश को सड़कों पर खुला न छोड़ें। नेशनल और स्टेट हाई-वे सहित ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र की सड़कों पर पालतू पशु भटक रहे हैं।

### 100 से अधिक गुलाब के पौधे सहित अन्य पेड़ बढ़ा रहे हरियाली

# मंडी श्मशान घाट अब 'शोक स्थल' नहीं आकर्षक शांति उद्यान में हो गया तबदील

### सरकारी व जनसहयोग से लगातार विकास कार्य जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के मण्डी क्षेत्र स्थित श्मशान घाट की तस्वीर अब पूरी तरह बदल चुकी है। कभी उदासी का प्रतीक माने जाने वाला यह स्थल आज श्मशान समिति और आमजनों के साझा प्रयासों से एक आकर्षक उद्यान के रूप में नजर आता है। यहां श्मशान समिति द्वारा कराए जा रहे जबरदस्त विकास कार्यों ने इसे एक 'आदर्श शांति धाम' बना दिया है, जहां हर छोटी-बड़ी सुविधा का बारीकी से ध्यान रखा गया है।

श्मशान परिसर में कदम रखते ही श्रद्धालुओं को भगवान शिव और माता कालका के मंदिर के दर्शन होते हैं। यहां भगवान शंकर की आकर्षक प्रतिमा स्थापित की गई है, जो वातावरण को आध्यात्मिक बनाती है। परिसर में शिवलिंग की स्थापना के साथ-साथ आने वाले लोगों की सुविधाओं के लिए शानदार व्यवस्थाएं की गई हैं। पूरे परिसर में पेवर ब्लॉक बिछाए गए हैं और प्रवेश के लिए एक भव्य




गेट बनाया गया है। बैठने के लिए जगह-जगह कुर्सियां और बेंच लगाई गई हैं, वहीं पीने के ठंडे पानी के लिए फ्रीजर की व्यवस्था भी की गई है। इसके अलावा शोकसभा स्थल और दाह संस्कार के बाद बाल कटवाने (मुंडन) के लिए व्यवस्थित स्थान बनाया गया है।

#### गुलाबों की खुशबू से महकता परिसर

समिति ने परिसर को पर्यावरण से जोडऩे के लिए यहां एक सुंदर बगीचा विकसित किया है। इस बगीचे में बड़ी संख्या में गुलाब के पौधे महक रहे हैं। साथ ही पपीते सहित अनेक फलदार और फूलदार पेड़-पौधे लगाए गए हैं, जो श्मशान घाट को किसी पार्क जैसा स्वरूप प्रदान करते हैं।

#### एक-एक रुपए के दान से खड़ा हुआ विकास का मॉडल

इस कायाकल्प की सबसे बड़ीखूबी यह है कि यह सब कुछ सरकार और आम जनता के सहयोग से संभव हो पाया है। दरअसल जब भी गंज या मण्डी क्षेत्र से यहां शवयात्रा पहुंचती है तो श्मशान परिसर के कर्मचारी आमजनों से स्वेच्छा से सहयोग राशि की अपील करते हैं। लोग अपनी सामथ्र्य के अनुसार 10, 20, 50 या 100 रुपये दान करते हैं। इसी छोटी-छोटी जमा पूंजी से आज यहां बड़े विकास कार्य धरातल पर दिखाई दे रहे हैं।



#### मंगलवार को शर्मा परिवार ने बढ़ाया सहयोग का हाथ

मंगलवार को भी यहां तीन शवयात्राएं पहुंचीं। इस दौरान स्थानीय शर्मा परिवार ने अपनी पूजनीय माता जी की स्मृति में श्मशान घाट के विकास के लिए 5100 रुपये की भेंट राशि प्रदान की। वहीं अन्य दो शवयात्राओं में आए नागरिकों के स्वैच्छिक दान से 1700 रुपये की राशि एकत्रित हुई। समिति का कहना है कि यह जनभागीदारी का ही परिणाम है कि आज मण्डी श्मशान घाट पूरे शहर के लिए एक मिसाल बन गया है।

## शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म, इंजीनियर को सुनाई उम्रकैद की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

आष्टा थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले इलेक्ट्रिक इंजीनियर को दोषी पाते हुए विशेष न्यायाधीश हेमंत जोशी ने आजीवन कारावास और 10 हजार 500 रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। मामले में शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक नारायण सिंह मेवाड़ा ने की।

अभियोजन के अनुसार एक निजी यूनिवर्सिटी में कार्य करने वाली एक युवती ने 10 मई 2024 को आष्टा थाने पर पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वहीं पर पदस्थ रहे इलेक्ट्रिक इंजीनियर ने उसे शादी का झांसा दिया और पीड़िता को अपने घर बुलाकर उसके साथ ज्यादती की। जनवरी 2023 से मई 2024 तक आरोपी उसके साथ कई बार ज्यादती करता रहा। बाद में जब आरोपी ने जॉब छोड़ दी तो उसने पीड़िता से मिलना भी बंद कर दिया। पीड़िता की रिपोर्ट पर आष्टा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ ज्यादती सहित अलग-अलग धाराओं में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान पूर्ण कर चालान न्यायालय में पेश किया। जहां तथ्यों एवं साक्ष्यों की सूक्ष्म विवेचना करते हुए विशेष न्यायाधीश हेमंत जोशी ने आरोपी संदीप को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास और 10 हजार 500 रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई।

### बीजों के विक्रेता को लाइसेंस लेना अनिवार्य

**सीहोर।** औषधीय फसलों एवं सब्जी, मसाला, पुष्प के बीजों का व्यापार करने वाले व्यापारी को उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लिये बिना विक्रय नहीं किया जा सकता है। बीजों के व्यापार करने के लिये विक्रेता उद्यानिकी विभाग से लाइसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। बिना बीज लाइसेंस के व्यापार करते पाये जाने पर विक्रेताओं के विरूद्ध बीज अधिनियम-1966 एवं बीज नियंत्रण आदेश 1983 में उल्लेखित प्रावधान अनुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही सम्बन्धित निजी बीज विक्रेता की रहेगी।

## पुरानी हिदायतें हवा, अब कलेक्टर के नए निर्देश, पेयजल योजनाओं की समीक्षा में 'अंतिम छोर' तक पानी पहुंचाने का लक्ष्य

### कलेक्टर ने की पेयजल योजनाओं की जनपदवार समीक्षा

**सीहोर।** सीहोर। जिले में पेयजल व्यवस्था को लेकर प्रशासनिक सख्ती और धरातल की हकीकत के बीच बड़ा फासला नजर आ रहा है। इंदौर के भागीरथपुरा में जहरीले पानी से हुई मौतों के बाद कलेक्टर ने जिले में जल सुनवाई करने और व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए थे, लेकिन उन निर्देशों पर जमीनी स्तर पर कोई खास अमल नहीं हुआ। न तो कहीं जनसुनवाई हुई और न ही ग्रामीणों को इस बारे में जानकारी दी गई। अब इसी बीच गुरुवार को कलेक्टर बालागुरू के. ने एक बार फिर जिला जल स्वच्छता मिशन समिति की बैठक लेकर पेयजल योजनाओं की जनपदवार समीक्षा की और नए दिशा-निर्देश जारी किए।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक में कलेक्टर ने दो टूक कहा कि नल-जल योजनाओं का लाभ केवल कागजों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पेयजल की आपूर्ति गांव के अंतिम घर के अंतिम नल कनेक्शन तक सुनिश्चित की जाए। जिन योजनाओं का काम पूरा हो चुका है, उनके ड्रायरन के समय मैदानी अमला खुद मौजूद रहे, ताकि किसी भी तकनीकी खराबी या लीकेज को तुरंत सुधारा जा सके। कलेक्टर ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच के बाद ही योजनाओं के हस्तांतरण की बात कही।

#### पाइपलाइन तोडऩे वालों पर होगी सख्ती

बैठक में एक महत्वपूर्ण मुद्दा पाइपलाइन की क्षति का उठा। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सडक़ निर्माण या अन्य कार्यों के दौरान जिन विभागों या व्यक्तियों द्वारा पाइपलाइन को नुकसान पहुंचाया जाता है, उनसे ही तत्काल मरम्मत कराई जाए। पेयजल आपूर्ति में किसी भी तरह की बाधा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही पानी की टंकियों और वॉल की नियमित सफाई कराने के निर्देश भी दिए गए, ताकि लोगों को शुद्ध पानी मिल सके।

#### वसूली और निगरानी के निर्देश

योजनाओं के सुचारू संचालन के लिए कलेक्टर ने नल कनेक्शन धारियों से नियमित जलकर वसूली पर जोर दिया, ताकि रखरखाव का खर्च निकाला जा सके। उन्होंने पीएचई विभाग के एसडीओ और उपयंत्रियों को सख्त निर्देश दिए कि वे कार्यालयों में बैठने के बजाय फील्ड में भ्रमण करें और कार्यों की सतत निगरानी करें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने भी योजनाओं के संचालन को लेकर आवश्यक सुझाव दिए। इस अवसर पर पीएचई के कार्यपालन यंत्री प्रदीप सक्सेना सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## नियमों को ताक पर रख पनीर फैक्ट्री बहा रही जहरीला पानी, प्रशासन ने उत्पादन रोकने के दिए निर्देश

### जिला उद्योग महाप्रबंधक की बड़ी कार्रवाई, सचिन इंडस्ट्रीज को नोटिस जारी, लीज निरस्त करने और बिजली काटने की चेतावनी

#### 7 दिन में मांगा जवाब

**सीहोर।** जिला मुख्यालय के समीप पचामा इंडसट्रियल एरिया में संचालित 'सचिन इंडस्ट्रीज' पनीर फैक्ट्री प्रशासन के रडार पर आ गई है। नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए फैक्ट्री से निकलने वाला जहरीला और बदबूदार पानी खुलेआम नालों और खेतों में बहाया जा रहा है। इस गंभीर प्रदूषण को देखते हुए जिला उद्योग कार्यालय ने कड़ा रुख अपनाया है और फैक्ट्री का उत्पादन तत्काल प्रभाव से रोकने के निर्देश दिए हैं।

जिला उद्योग महाप्रबंधक अनुराग वर्मा ने बताया कि सचिन इंडस्ट्रीज द्वारा फैलाए जा रहे प्रदूषण की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। जांच में सामने आया है कि फैक्ट्री प्रबंधन ने मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से अनिवार्य अनुमति नहीं ली है। इतना ही नहीं फैक्ट्री के पास भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण का भी वैध लाइसेंस नहीं है। बिना एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट के दूषित पानी सीधे बाहर छोड़ा जा रहा है, जिससे इलाके में सफेद जहरीले पानी का तालाब बन गया है।

#### खेत और जल स्रोत हो रहे प्रदूषित

फैक्ट्री से निकलने वाला यह तेजाबी और बदबूदार पानी न केवल स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है, बल्कि किसानों के खेतों में घुसकर मिट्टी की उर्वरक शक्ति को भी नष्ट कर रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस जहरीले पानी की दुर्गंध से जीना मुहाल हो गया है। डर है कि यह



दूषित पानी क्षेत्र की जीवनरेखा जमोनिया डैम में मिलकर पूरे जल स्रोत को जहरीला बना सकता है।

#### कटेगी बिजली, निरस्त होगी लीज

मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला उद्योग महाप्रबंधक ने फैक्ट्री संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। श्री वर्मा ने स्पष्ट किया है कि फैक्ट्री को तत्काल प्रोडक्शन बंद करने का आदेश दिया गया है। विभाग ने बिजली कंपनी को पत्र लिखकर फैक्ट्री का विद्युत कनेक्शन काटने के निर्देश दिए हैं। श्री वर्मा ने बताया कि यदि संतोषजनक जवाब नहीं मिला और नियमों का पालन नहीं किया गया तो फैक्ट्री की जमीन की लीज निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

#### नहीं है जरूरी अनुमतियां

सचिन इंडस्ट्रीज द्वारा प्रदूषण फैलाए जाने की पुष्टि हुई है। इनके पास आवश्यक अनुमतियां भी नहीं हैं। हमने नोटिस जारी कर उत्पादन रोकने को कहा है। लापरवाही जारी रही तो लीज निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

**अनुराग वर्मा,** महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र सीहोर

### केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान 7 फरवरी को अमलाह आएंगे

**सीहोर।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान 7 फरवरी को प्रातः 9:30 बजे सीहोर जिले के अमलाहा स्थित इकार्डा पहुंचेंगे और वहां आयोजित दलहन क्षेत्र के राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल होंगे। इसके पश्चात वे शाम 5:45 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे। इसी क्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान 8 फरवरी को भोपाल से प्रस्थान कर प्रातः 11:15 बजे सीहोर जिले भैरूंदा पहुंचेंगे और स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद वे दोपहर 2:30 बजे सतदेव पहुंचेंगे और स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद वे शाम 04:15 बजे ग्राम वासुदेव पहुंचेंगे और स्थानीय कार्यक्रम शामिल होंगे। इसके बाद वे शाम 5 बजे ग्राम सुकरवास पहुंचेंगे और स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात वे शाम 6 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

### बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियां पूरी, 38 हजार से छात्र होंगे शामिल, 101 केंद्र बनाए, 5 को किया अतिसंवेदनशील घोषित

**सीहोर।** जिले में माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाईस्कूल और हायर सेकंडरी परीक्षाओं की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस साल जिले में कुल 38,011 विद्यार्थी बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होंगे। इनमें कक्षा 10वीं के 20,749 और कक्षा 12वीं के 17,262 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। परीक्षाओं के लिए जिले में कुल 101 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें से 5 परीक्षा केंद्रों को अतिसंवेदनशील घोषित किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर ने सभी परीक्षा केंद्रों के केंद्राध्यक्ष और सहायक केंद्राध्यक्षों को जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और व्यवस्थित तरीके से कराने के निर्देश दिए हैं। परीक्षा के दौरान जिला और विकासखंड स्तर पर निरीक्षण दल परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करेंगे। वहीं अतिसंवेदनशील केंद्रों पर विशेष प्रेक्षकों की तैनाती की जाएगी, ताकि किसी भी तरह की गड़बड़ी न हो और परीक्षा सही तरीके से संपन्न हो सके।



### विधायक सुदेश राय ने किया सामुदायिक भवन निर्माण का भूमि-पूजन

## सामाजिक कार्यक्रमों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा सुविधाजनक सामुदायिक भवनः सुदेश राय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

विधायक सुदेश राय ने गुरुवार को ग्राम सोठी में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए ग्रामीणों की विशेष उपस्थिति में मंत्र उच्चारण के साथ भूमि पूजन किया। भूमि पूजन के उपरांत ग्राम पंचायत सरपंच रीना बृजेश अहिरवार एवं पंचों और ग्राम वासियों के द्वारा विधायक सुदेश राय का फूल मालाए पहना कर स्वागत कर सामुदायिक भवन की सौगात देने पर आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान विधायक सुदेश राय ने विभिन्न समस्याओं को लेकर ग्राम वासियों से चर्चा भी की और शीघ्र ही



समाधान करने का आश्वासन दिया। विधायक सुदेश राय ने भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव प्रभारी मंत्री कृष्णा सांसद आलोक शर्मा के द्वारा ग्राम विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विधायक निधि के माध्यम से ग्राम पंचायत के द्वारा बनाए जाने वाला सामुदायिक भवन सुविधाजनक होगा। सुरक्षित खिड़की दरवाजों के साथ लेट बाथ और बिजली की भी समुचित व्यवस्था रहेगी।

सामुदायिक भवन में धार्मिक सामाजिक कार्यक्रम आसानी से होंगे। सामुदायिक भवन का लाभ पूरे गांव को मिलेगा। भूमि पूजन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सरपंच स्थानीय ग्रामीणजन जन प्रतिनिधि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सीहोर बनेगा देश की 'दालों का केंद्र', अमलाहा में जुटेगा 9 राज्यों के कृषि मंत्रियों का जमावड़ा

### केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता दलहन उत्पादन और चुनौतियों पर होगा महामंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अमलाहा क्षेत्र 7 फरवरी को देश की कृषि राजनीति और अनुसंधान का मुख्य केंद्र बनने जा रहा है। यहां आयोजित होने वाले दलहन क्षेत्र के राष्ट्रीय सम्मेलन में देश के 9 प्रमुख राज्यों के कृषि मंत्री शिरकत करेंगे। इस बड़े आयोजन में दालों के उत्पादन को बढ़ाने, वर्तमान चुनौतियों से निपटने और भविष्य की नई संभावनाओं पर गहन विचार-विमर्श किया जाएगा।

सम्मेलन की कमान खुद केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान संभालेंगे। उनके साथ केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में दलहन अनुसंधान से जुड़े वैज्ञानिक, बीज उत्पादक संस्थाएं, दाल उद्योग के बड़े प्रतिनिधि और विशेषज्ञ शामिल होंगे, जो देश को दलहन क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने का खाका तैयार करेंगे।

#### ये दिग्गज मंत्री होंगे शामिल

सम्मेलन की गरिमा बढ़ाने के लिए अलग-अलग राज्यों के कृषि मंत्री सीहोर पहुँच रहे हैं। इनमें शामिल हैं मध्यप्रदेश से एदल सिंह कंसाना, उत्तर प्रदेश से सूर्य प्रताप शाही, पंजाब से सरदार गुरमीत सिंह खुडियन, हरियाणा से श्याम सिंह राणा, छत्तीसगढ़ से रामविचार नेताम, बिहार से राम कृपाल यादव, गुजरात से रमेशभाई कटारा, ओडिशा से कनक वर्धन सिंह देव, पश्चिम बंगाल से सोवानदेव चट्टोपाध्याय शामिल होंगे।

**क्यों खास है यह सम्मेलन :** अमलाहा में होने वाली इस चर्चा में दलहन उत्पादक राज्यों के बीच समन्वय और नई तकनीक के इस्तेमाल पर जोर दिया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना और मिट्टी की सेहत सुधारने के लिए दलहन फसलों को बढ़ावा देना है।

## खबर संक्षेप

### आनंद उत्सव का हुआ समापन




**सीहोर।** सीहोर के शासकीय आवासीय खेलकूद संस्थान में आयोजित जिला स्तरीय आनंद उत्सव का सफल समापन हुआ। समापन अवसर पर कलेक्टर बालागुरू के. ने विभिन्न खेलकूद गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिलाधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों, बच्चों, युवाओं एवं नागरिक प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि खेलकूद और शारीरिक गतिविधियों से हमारी मानसिक क्षमता भी बढ़ती है और हम किसी भी कार्य को अधिक बेहतर तरीके से कर पाते हैं। उन्होंने कहा शरीर को स्वस्थ रखने के लिए हम सभी सप्ताह में कम से कम एक या दो दिन खेल गतिविधियों में भाग लें ताकि हमारी शारीरिक और मानसिक क्षमता मजबूत हो। उन्होंने आनंद उत्सव के सफल आयोजन के लिए सभी को हार्दिक बधाई भी दी।

### प्रशासन ने समस्याओं को सुनकर कार्रवाई का दिया आश्वासन


# छीपानेर के शंकर मंदिर घाट से अवैध उत्खनन बंद कराने सरपंच-ग्रामवासियों का प्रशासन को ज्ञापन

ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि शंकर मंदिर घाट से ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के माध्यम से खुलेआम रेत का उत्खनन और परिवहन किया जा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत छीपानेर स्थित स्नान घाट पर रेत माफियाओं का दबदबा लगातार बढ़ता जा रहा है। मां नर्मदा के पावन तट पर स्थित दादाजी आश्रम (शंकर मंदिर) घाट पर लंबे समय से चल रहे रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन ने अब ग्रामीणों का सब्र तोड़ दिया है। गुरुवार को ग्राम सरपंच शशिराज सिंह चौहान के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने एसडीएम और एसडीओपी को ज्ञापन सौंपकर घाट से रेत का अवैध परिवहन तत्काल बंद कराने और जिम्मेदार लोगों पर कठोर कार्रवाई की मांग की।

ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि शंकर मंदिर घाट से ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के माध्यम से खुलेआम रेत का उत्खनन और परिवहन किया जा रहा है। यह घाट धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र होने के साथ-साथ नर्मदा परिक्रमा मार्ग पर भी स्थित है। दिनभर यहां श्रद्धालुओं, महिलाओं, बुजुर्गों, छात्र-छात्राओं और पैदल



परिक्रमावासियों की आवाजाही बनी रहती है, लेकिन इसके बावजूद रेत माफिया बेखौफ होकर भारी वाहनों का संचालन कर रहे हैं।

ग्रामवासियों का आरोप है कि रेत से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाई जा रही हैं। कई बार वाहन चालकों के नाबालिग होने या उनके पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस न होने की बातें भी सामने आई हैं। इससे क्षेत्र में आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं और किसी भी समय कोई बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने चेताया कि यदि समय रहते प्रशासन ने सख्त कदम नहीं उठाए, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि नर्मदा नदी से सीधे गीली रेत का परिवहन किए जाने के कारण शंकर मंदिर और दादाजी आश्रम के आसपास का पूरा मार्ग कीचड़ से भर जाता है। इससे पैदल परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं और स्कूल जाने वाले बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। घाटों की साफ-सफाई व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है, जिससे धार्मिक और आध्यात्मिक वातावरण पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार छीपानेर घाट पर प्रतिदिन लगभग 500 से 1000 श्रद्धालु स्नान, दर्शन, अंतिम संस्कार, क्रियाकर्म और मान तुलादन जैसे धार्मिक कार्यों के लिए पहुंचते हैं। अमावस्या, पूर्णिमा और प्रमुख तीज-त्योहारों पर यह संख्या बढ़कर 5 हजार से 10 हजार तक पहुंच जाती है। ऐसे में घाट पर भारी वाहनों की आवाजाही श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन गई है। सबसे चिंताजनक स्थिति घाट की संरचना को लेकर सामने आई है। रेत से लदे भारी वाहनों के लगातार आवागमन से घाट की सीमेंट उखड़ चुकी है, कई स्थानों पर गड्ढे बन गए हैं और सरिए बाहर दिखाई देने लगे हैं।

इससे स्नान करने वाले श्रद्धालुओं के घायल होने की आशंका बनी हुई है। सरपंच और ग्राम के रहवासियों ने एसडीएम व एसडीओपी से मांग की कि दादाजी आश्रम (शंकर मंदिर) घाट से रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन शीघ्र बंद कराया जाए। साथ ही घाट पर स्थायी वाहन अवरोधक (बैरिकेडिंग) का निर्माण कर भारी वाहनों की आवाजाही पूरी तरह रोकी जाए और रेत माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। प्रशासन की ओर से सरपंच और ग्रामवासियों को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।

## पशुपालन विभाग की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए: संभागायुक्त संजीव सिंह

### पशुपालन और उद्यानिकी विभाग की प्रगति की समीक्षा




**सीहोर।** संभागायुक्त संजीव सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित कर पशुपालन एवं उद्यानिकी विभाग की प्रगति, आगामी कार्ययोजना एवं लक्ष्यों की समीक्षा की। उन्होंने जिले में दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय करने तथा उद्यानिकी के नये कलस्टर विकसित करते हुए सभी अधिकारियों को इस दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले में पशुपालन विभाग तथा उद्यानिकी विभाग के वर्तमान स्थिति तथा आगामी कार्ययोजना के बारे में जानकारी दी।

संभागायुक्त श्री सिंह ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों से कहा कि हिरण्यगर्भा अभियान, डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना, दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान एवं क्षीर धारा ग्राम योजना का मैदानी स्तर पर प्रभावी रूप से क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सांची दुग्ध संघ के साथ संपर्क कर दुग्ध उत्पादन एवं विक्रय के नये दुग्ध रूट तैयार करें, ताकि दुग्ध उत्पादन एवं विक्रय समितियों के माध्यम से विशेष मॉनीटरिंग सिस्टम तैयार हो सके। संभागायुक्त श्री सिंह ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक पशुपालकों को लाभान्वित किया जाए। सभी किसानों के पशुओं की 'पशुधन एप' के माध्यम से मॉनीटरिंग हो, जिससे क्लस्टर वाइज दुग्ध उत्पादन की वृद्धि की सटीक जानकारी उपलब्ध हो सके। संभागायुक्त श्री सिंह ने संबंधित अधिकारियां से चर्चा में कहा कि ग्रामों को पशुपालन के स्तर, स्वास्थ्य एवं प्रबंधन के आधार पर क्षीर धारा योजना के ग्रामों में शत-प्रतिशत पशुओं का एआई, वैक्सीनेशन एवं पशुओं की टैगिंग शामिल हैं। संबंधित ग्राम पंचायतों में क्षीर धारा ग्राम के नोडल बनाये गये हैं। इसके साथ ही क्षीर धारा ग्राम में बफर जोन के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में शत- प्रतिशत पशुओं का वैक्सीनेशन कार्य करने की योजना पर कार्य करें। संभागायुक्त श्री सिंह ने उद्यानिकी विभाग की प्रगति की समीक्षा करते हुए आगामी कार्ययोजना एवं लक्ष्यों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उद्यानिकी फसलों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए नये कलस्टर विकसित किए जाएं और अधिक से अधिक किसानों को उद्यानिकी फसलों की ओर प्रेरित किया जाए। संभागायुक्त ने निर्देश दिए कि प्याज एवं लहसुन जैसी फसलों के दाम कम होने की स्थिति में किसानों को भंडारण की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु वेयरहाउस निर्माण पर सरकार द्वारा दी जा रही अनुदान योजनाओं की जानकारी दी जाए, ताकि किसान अपनी उपज सुरक्षित रख सकें।

उन्होंने सूक्ष्म सिंचाई को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कहा कि किसानों को ड्रिप इरिगेशन प्रणाली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाए। साथ ही वर्तमान वित्तीय वर्ष के निर्धारित लक्ष्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने तथा आगामी वर्ष के लिए नये लक्ष्य तय कर सूक्ष्म स्तर पर कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त ने कहा कि मैदानी अमला लगातार किसानों के संपर्क में रहे और उन्हें तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करे। नये लक्ष्यों के अनुरूप पहले से किसानों का चयन कर गांव-गांव जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, जिससे योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक किसानों तक पहुंच सके। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव, पशुपालन विभाग के उप संचालक आरपी गौतम तथा उद्यानिकी विभाग के जिला अधिकारी जगदीश मुजालदा सहित विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## राजस्व मंत्री ने नापलाखेड़ी और धामंदा में नवीन उपस्वास्थ्य केंद्रों का किया लोकार्पण



**सीहोर।** राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा ने सीहोर जिले के ग्राम नापलाखेड़ी में 56.09 लाख रूपये की लागत से निर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र और ग्राम धामंदा में 65 लाख रूपये की लागत से निर्मित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का लोकार्पण किया। ग्राम नापलाखेड़ी में लोकार्पण अवसर पर कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ और सुलभ बनाने के लिए सतत रूप से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है, जिससे आमजनों को उपचार के लिए परेशान न होना पड़े। नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर के प्रारंभ होने से क्षेत्र के नागरिकों को प्राथमिक उपचार, मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाएँ, टीकाकरण तथा विभिन्न जांच एवं परामर्श सुविधाएँ स्थानीय स्तर पर ही प्राप्त हो सकेंगी। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को निःशुल्क उपचार की सुविधा मिल रही है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य केवल उपचार उपलब्ध कराना ही नहीं, बल्कि लोगों को बीमारियों से बचाव के प्रति भी जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, संतुलित आहार, स्वच्छ पेयजल तथा साफ-सफाई की आदतें अपनाकर अनेक गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार निरंतर स्वास्थ्य अधोसंरचना का विस्तार कर रही है, जिसके अंतर्गत नए स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना, पुराने भवनों का उन्नयन, आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों की पदस्थापना सुनिश्चित की जा रही है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक प्रस्तुतियां भी दी गईं। कार्यक्रम में जगदीश पटेल, शंकर पटेल, सीएमएचओ सुधीर कुमार डेहरिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित थे।

## 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह आयोजित



**इछावर।** नवोदित बाल निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल इछावर में कक्षा 12वी के विद्यार्थियों को विदाई देने के लिए विदाई समारोह का आयोजन कक्षा 11वी के विद्यार्थियों द्वारा किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ सभी सीनियर्स छात्र/छात्राओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान कर विदाई दी गई। प्राचार्य सतीश शर्मा ने कक्षा 12 वी के विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि, जीवन में सफलता पाने के लिए निरन्तर परिश्रम, अनुशासन और सकारात्मक सोच अत्यंत आवश्यक है। वरिष्ट शिक्षिका सरोज सोलंकी के मार्गदर्शन में यह कार्य हुआ। इस अवसर पर सरोज सोलंकी, रचना शर्मा, डीनम चौहान, देवा वर्मा, अर्चना गुप्ता, असमा खान, निशा विश्वकर्मा ,रंजना ठाकुर, पूजा मुकाती, शुभम चावड़ा, जितेंद्र वर्मा, शिवानी वर्मा, हीरामणि ठाकुर, महेंद्र सोलंकी, उपस्थित रहे । कार्यक्रम के अंत में मिस फेयरवेल छात्रा दीपिका वर्मा वी मिस्टर फेयरवेल छात्र अन्वेज चुने गए ।

## संभागायुक्त ने ग्राम मोगराराम पहुंचकर प्याज व लहसुन उत्पादक किसानों से की चर्चा

**सीहोर।** भोपाल संभागायुक्त संजीव सिंह ने सीहोर जिले के ग्राम मोगराराम पहुंचकर क्षेत्र के प्याज एवं लहसुन उत्पादक किसानों से संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने किसानों से उत्पादन क्षमता तथा विपणन व्यवस्थाओं के बारे में चर्चा की। संभागायुक्त श्री सिंह ने किसानों से प्याज एवं लहसुन के वैज्ञानिक भंडारण, फसल का रकबा बढ़ाने की संभावनाओं, कम पानी में अधिक उत्पादन लेने की तकनीकों तथा मिनी स्प्रिंकलर पद्धति से सिंचाई के लाभों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने किसानों को आधुनिक खेती पद्धतियाँ अपनाने, लागत कम करने और गुणवत्ता बढ़ाने के लिए विभागीय मार्गदर्शन लेने की बात कही। संभागायुक्त ने उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र में प्याज भंडारण गृह निर्माण के इच्छुक किसानों की प्राथमिकता से सूची तैयार की जाए तथा आवश्यक प्रस्ताव शीघ्र शासन को प्रेषित किए जाएँ,



जिससे किसानों को भंडारण सुविधा उपलब्ध कराई जा सके और उन्हें उचित मूल्य प्राप्त हो सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि पात्रता अनुसार अधिक से अधिक किसानों को उद्यानिकी विभाग की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जाए, ताकि उनकी आय में वृद्धि सुनिश्चित हो सके।

### बोरखेड़ा कलां की बेटियों का विजय-उत्सव, भैरुंदा में उमड़ा जनसैलाब

# सांसद कप जीतकर लौटी बालिका क्रिकेट टीम का भव्य जुलूस, पुष्पवर्षा और नारों से गूंजा नगर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

छोटे से गांव की बड़ी जीत ने बुधवार को भैरुंदा को जश्न में डुबो दिया। भैरुंदा मंडल के ग्राम बोरखेड़ा कलां की बालिका क्रिकेट टीम ने रायसेन में आयोजित सांसद कप क्रिकेट प्रतियोगिता में दमदार और एकतरफा प्रदर्शन करते हुए प्रथम पुरस्कार अपने नाम किया। इस ऐतिहासिक जीत से न सिर्फ बुधनी विधानसभा बल्कि पूरे भैरुंदा क्षेत्र का मान बढ़ा है। बेटियों की इस सफलता ने यह साबित कर दिया कि यदि प्रतिभा को मंच मिले तो गांव की गलियों से भी राष्ट्रीय पहचान बन सकती है।

प्रतियोगिता जीतकर लौटने पर भैरुंदा नगर में विजेता बालिका क्रिकेट टीम का भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस वीणांचल गर्ल्स फॉर स्कूल से प्रारंभ होकर शास्त्री कॉलोनी, जेपी मार्केट होते हुए मुख्य मार्ग से ग्राम बोरखेड़ा कलां तक पहुंचा। पूरे मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर टीम का स्वागत किया गया। नगरवासियों ने तालियों, नारों और फूलों से बेटियों का हौसला बढ़ाया। जुलूस के दौरान "बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ" और "बोरखेड़ा की बेटियां जिंदाबाद" जैसे नारे गूंजते रहे, जिससे माहौल पूरी तरह उत्सवमय हो गया। इस आयोजन का नेतृत्व पावर मैक कंपनी के जनरल मैनेजर विनोद कुमार के तत्वावधान में किया गया। उन्होंने कहा





कि छोटे से गांव की बेटियों द्वारा सांसद कप जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगिता जीतना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। यह जीत इस बात का प्रमाण है कि ग्रामीण अंचल की प्रतिभाओं में किसी भी स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता है। विनोद कुमार ने कहा कि यदि बेटियों को सही मार्गदर्शन, संसाधन और अवसर दिए जाएं तो वे हर मंच पर परचम लहरा सकती हैं। उन्होंने इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, विधायक रमाकांत भार्गव सहित सभी जनप्रतिनिधियों और सहयोगियों का आभार भी व्यक्त किया, जिनके सहयोग से खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिला। जुलूस में भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा, पावर मैक कंपनी के जनरल मैनेजर विनोद कुमार, मैनेजर दिनेश कुमार, टीम के कोच योगेश पंवार, क्रिकेट टीम मैनेजर राहुल रघुवंशी सहित स्पोर्ट्स ग्रुप के इमरान खान, संजय सरस्वाल, राम पंवार, रोहित यादव, कबड्डी के सूत्रधार लक्ष्मीनारायण वैष्णव तथा बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। सभी ने विजेता टीम को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बोरखेड़ा कलां की बालिका क्रिकेट टीम की इस जीत ने क्षेत्र में खेल संस्कृति को नई ऊर्जा दी है। यह सफलता आने वाली पीढ़ी की बेटियों के लिए प्रेरणा बनकर उभरी है। सांसद कप की ट्रॉफी के साथ लौटी इन बेटियों ने यह संदेश दिया है कि मेहनत, अनुशासन और विश्वास के दम पर कोई भी सपना साकार किया जा सकता है। भैरुंदा में निकला यह जुलूस सिर्फ जीत का उत्सव नहीं, बल्कि गांव की बेटियों की उड़ान का ऐलान था।

## दलित पिछड़ा समाज संगठन ने एसडीएम के नाम दिया ज्ञापन



**बुधनी।** गुरुवार को दलित पिछड़ा समाज संगठन के प्रतिनिधियों ने रेलवे भूमि अधिग्रहण मामले में एसडीएम के नाम ज्ञापन दिया। ज्ञापन में मांग की गई है कि दलितों को आवासीय भूखंड उपलब्ध कराए जाएं शासन द्वारा दी गई मुआवजा राशि में भी भिन्नता है। इस समस्या को तुरंत हल किया जाए विस्थापितों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाए माना, तालपुरा के विस्थापितों की कॉलोनीयों में बिजली, पानी की व्यवस्था की जाए और सड़क निर्माण किया जाए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि यह मांगे सात दिवस में नहीं मानी गईं तो दलित पिछड़ा समाज उग्र आंदोलन करेगा इस मौके पर संगठन के जिला अध्यक्ष विजय वर्मा,तहसील अध्यक्ष बृजेश कुमार, कल्पेश चौहान, शेख इसरार, चैन सिंह, रामकरण कटारे, जय कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## सलूजा वेयरहाउस के चोरी हुए गेहूं का मामला

# गेहूं के लुटेरों का नहीं मिल रहा कोई सुराग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

जिस रात वेयर हाउस से 30 बोरी गेहूं की लूट हुई ड्यूटी पर चौकीदार जसरथ मीणा, हरिसिह मीणा उसकी पत्नी गीता बाई और 19 वर्षीय बेटा राहुल मीणा था। हरिभूमि ने जब मौके पर जाकर पड़ताल की तो चौकीदार हरिसिंह मीणा ने बताया कि बदमाशों की संख्या 4-5 थी। वे पहले सीढ़ी के जरिए 8 फीट ऊंची बाउंड्रीवाल लांघकर अंदर दाखिल हुए। बदमाश जब अंदर आए तब चौकीदार जसरथ राउड लगाकर पीछे से आया था, इसी दौरान बदमाशों ने पीछे से उसे दबोच लिया और कट्टा अड़ा दिया। हालांकि इसके बाद बदमाशों के हाथ में किसी अन्य ने कट्टा नहीं देखा। हरिसिंह, उसकी पत्नी गीता बाई और राहुल को डराने के लिए बदमाशों ने चाकू का इस्तेमाल किया। वारदात को अंजाम देने से पहले बदमाशों ने वेयर हाउस से कुछ दूर बने गार्ड रूम में बने एक कमरे में राहुल और जसरथ को बंद करके बाहर से कुंदी लगा दी। जबकि हरिसिंह और उसकी पत्नी को दूसरे कमरे में बंद किया, लेकिन कमरे की कुंदी नहीं लगाई। दो बदमाश राहुल वाले कमरे पर पहरा दे रहे थे। जबकि एक बदमाश हरिसिंह और उसकी पत्नी के कमरे की पहरेदारी कर रहा था। वहीं दो बदमाश चाबी लेकर वेयर हाउस की तरफ गए थे।



गेहूं के लुटेरों का जिस खेत के रास्ते अंदर आना बताया जा रहा है, वहां काली गीली मिट्टी है। यदि गेंहू के लुटेरे उस रास्ते से आए तो मिट्टी गीली होने के कारण बदमाशों के पैरों के निशान मिलने चाहिए थे। जिस सीढ़ी का उपयोग बदमाशों ने चढ़ने में उपयोग किया, उस पर भी मिट्टी के निशान होने चाहिए थे। साथ ही जिस बाउंड्रीवाल पर चढ़कर बदमाशों ने नीचे छलांग लगाई, उस पर भी जूतों एवं पैरों के निशान मिलना चाहिए, जबकि कहीं भी गीली मिट्टी के निशान कहीं नहीं मिले हैं। अंदर भी कोई फुटप्रिंट नहीं मिले। बदमाशों ने वेयर हाउस की पावर सप्लाई बंद कर दी थी, लेकिन स्विच पर फींगर प्रिंट के निशान नहीं मिले। चैकीदारों के मुताबिक कपड़ा रखकर स्विच दबाया था। जबकि वह चैकीदार और उसकी पत्नी को कमरे में बंद करने के बाद कुंदी खुली छोड़ गए। बदमाशों ने सभी के मोबाइल जब्त कर लिए थे, जिनको वे वेयर हाउस में छोड़ गए। दिलचस्प बात ये है कि अंधेरे में चैकीदार ने अंदर जाकर आराम से मोबाइल खोज भी लिए। ये ऐसे सवाल हैं, जो पुलिस के भी गले नहीं उतर रहे हैं। पुलिस को संदेह है कि वारदात में किसी अंदर के व्यक्ति का ही हाथ है और इसी वजह से इस एंगल पर भी पड़ताल की जा रही है।

### गोदाम में 4500 क्विंटल सरकारी गेहूं रखा था, फिर 30 ही क्यों ले गए

सलूजा वेयर हाउस के मालिक राहुल सलूजा के मुताबिक वेयर हाउस दो हिस्सों में बंटा है। एक वेयर हाउस का ताला एक दिन पहले ही सरकारी अधिकारियों ने खोला था। एक हजार क्विंटल गेहूं पहले ही निकाला जा चुका था। इस प्रकार 4500 क्विंटल गेहूं अंदर रखा था। सवाल ये है कि एक छोटे लोडिंग वाहन में भी कम से कम 60 बोरियां आती हैं तो बदमाश केवल 30 बोरी गेहूं ही क्यों लूटकर ले गए। जिसकी कीमत केवल 39 हजार थी, यदि चोरी का माल बेचा जाएगा तो अधिकतम 15-20 हजार का बिकेगा। ऐसे में यदि बदमाशों की संख्या 4-5 है तो भी एक व्यक्ति के हिस्से में महज 4-5 हजार रुपए आएंगे। यदि बदमाशों की संख्या 20-22 होगी तो 1000-1200 रुपए से अधिक नहीं आएगा। बदमाशों के पास पर्याप्त समय होने के बाद भी केवल 30 ही बोरी लूटी गई। चौकीदार हरिसिंह के मुताबिक बदमाश रात करीब 3 बजे लूट की वारदात को अंजाम देने के बाद रवाना हो गए थे। जिसका पता उनको गाड़ी की आवाज से लगा। जिसके करीब 20 मिनट बाद चैकीदार ने बाहर निकलकर दूसरे कमरे का गेट खोला। पुलिस को ये हजम नहीं हो रहा कि जब गाड़ी जाने की आवाज सुन ली थी तो तुरंत बाहर क्यों नहीं आया? क्योंकि चैकीदार के मुताबिक उसे ये पता ही नहीं है कि वेयर हाउस से निकलकर गाड़ी किस तरफ गई।

**इनका कहना है...**

जांच चल रही है। हमने इसके लिए टीम बनाई है जल्दी ही दाषियों को पकड़ा जाएगा।

वीरेन्द्र धाकड़, टीआई सिटी कोतवाली

# सास को घर से निकालने वाली बहु पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

## कोतवाली थानाक्षेत्र के गांव खजूरी का मामला

**राजगढ़।** बुजुर्गों के साथ उनके ही स्वजनों द्वारा अभद्र व्यवहार, मारपीट आदि करने के मामले जिले में नए नहीं है। अब ऐसे मामलों में पीड़ित बुजुर्गों की शिकायत पर पुलिस संबंधित आरोपियों पर तत्काल कार्यवाहियां भी कर रही हैं। ऐसे ही एक मामले में 62 वर्षीय बुजुर्ग महिला को परेशान करते हुए घर से निकालने वाली बहु पर कोतवाली पुलिस ने अभिभावक एवं वरिष्ठ नागरिक देखभाल अधिनियम सहित बीएनएस की अन्य सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।




### क्या है पूरा मामला

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार खजूरी गांव निवासी गंगाबाई साहू को उनकी छोटी बहु कविता साहू द्वारा अक्सर परेशान करते हुए गाली-गलौच यहां तक की मारपीट भी की जा रही थी। बीते मंगलवार इतना झगड़ा हुआ कि बहु कविता ने सास को घर से ही निकाल दिया। अपनी ही बहु द्वारा लगातार दी जा रही प्रताड़ना से तंग आकर आखिरकार गंगाबाई ने पुलिस से गुहार लगाई।

### कार की टक्कर में ऑटो चालक घायल

स्थानीय बाईपास पर संस्कृति होटल के नजदीक मंगलवार देर रात्रि कार चालक ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में ऑटो चला रहे राजू पिता प्रभुलाल मेवाड़े को गंभीर चोंटें आई। हादसे के बाद घायल राजू को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। कोतवाली पुलिस ने कार चालक पर मामला दर्ज किया है।

### नीतू मारू को मिली रसायन विज्ञान में डॉक्टरेट की उपाधि



**ब्यावरा।** मध्यांचल प्रोफेशनल विश्वविद्यालय, भोपाल की शोधार्थी नीतू मुकेश कुमार मारू को रसायन विज्ञान विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने अपना शोध कार्य "कुछ प्रतिस्थापित कार्बाजोल यौगिकों के एन-मैनीच क्षारकों का संश्लेषण" विषय पर सफलतापूर्वक पूर्ण किया, जिसे विशेषज्ञों द्वारा महत्वपूर्ण एवं उपयोगी माना गया। विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार नीतू मारू की शोध मौखिक परीक्षा दिनांक 15 नवंबर 2025 को विश्वविद्यालय के आंतरिक एवं बाह्य परीक्षकों की उपस्थिति में संपन्न हुई। परीक्षा समिति ने उनके शोध कार्य का गहन मूल्यांकन करते हुए उसे पूर्णतः संतोषजनक तथा डॉक्टरेट उपाधि प्रदान करने योग्य पाया। इसके पश्चात उन्हें विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी संकाय के अंतर्गत रसायन विज्ञान में डॉक्टरेट की उपाधि हेतु पात्र घोषित किया गया। उक्त शोध कार्य डॉ. विक्रांत जैन के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति के आदेशानुसार जारी यह अधिसूचना डॉक्टरेट उपाधि के रूप में पूर्ण रूप से मान्य मानी जाएगी। इस शैक्षणिक उपलब्धि पर विश्वविद्यालय प्रशासन, शोध निदेशक, विभागाध्यक्ष, शोध मार्गदर्शक डॉ. विक्रांत जैन, एमटीएम विद्यालय के संचालक डॉ. मुकेश कुमार मारू, शिक्षाविद डॉ. सुनीति राजपूत, क्षिप्रा विद्यालय की प्राचार्या नवलखा सहित समस्त शिक्षकों, सहयोगियों एवं शुभचिंतकों ने नीतू मारू को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल शैक्षणिक, शोध एवं व्यावसायिक भविष्य की मंगलकामनाएं प्रेषित की हैं।

# जिला एवं सिविल अस्पताल सारंगपुर को जल्द मिलेंगी डायलिसिस मशीन

## सफल हुए सिविल सर्जन और मंत्री टेटवाल के प्रयास



हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा-सारंगपुर

क्षेत्र के किडनी रोग से पीड़ित मरीजों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल एवं जिला अस्पताल में सिविल सर्जन के लगातार प्रयासों के चलते के शीघ्र ही डायलिसिस मशीन मिलेंगी जिससे किडनी मरीजों को लाभ मिलेगा। इस संबंध में संबंधित विभाग को आवेदन प्रस्तुत कर आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल में बढ़ती मरीजों की संख एव सारंगपुर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में ऐसे मरीज हैं, जिन्हें डायलिसिस के लिए राजगढ़, शाजापुर, उज्जैन अथवा अन्य बड़े शहरों का रुख करना पड़ता है। इससे मरीजों और उनके परिजनों को आर्थिक एवं मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने स्वास्थ्य विभाग के समक्ष प्रस्ताव रखते हुए सारंगपुर सिविल अस्पताल में डायलिसिस मशीन उपलब्ध कराने के लिए विशेष प्रयास किए। डॉ. टेटवाल ने कहा कि क्षेत्र के मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। इस सुविधा के प्रारंभ होने से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है और लोगों ने राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल के प्रयासों की सराहना की है।

### अधिकारियों के प्रयास हुए सफल

वरिष्ठ संयुक्त संचालक को नवंबर में सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा द्वारा एक पत्र लिखकर जिले में बढ रहे किडनी मरीजों की संख्या को ध्यान में रखकर 05 डायलिसिस मशीन की मांग की गई थी। जिसमें बताया गया था कि मरीजों को कई दिन तक इंतजार करना पड़ता है जिसके कारण है। एचसीव्ही एवं एचबीएसएजी के मरीजो के लिए एक अलग डायलिसिस मशीन की आवश्यकता है।

## जिला पंचायत सीईओ ने किया निरीक्षण

# अनुपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों का काटा वेतन



**खिलचीपुर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले ने गतदिवस जनपद पंचायत खिलचीपुर में निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय जनपद पंचायत खिलचीपुर की उपस्थिति पंजी का निरीक्षण किया गया, जिसमें से 6 लोग उपस्थित पाए गए एवं शेष अनुपस्थित अधिकारी कर्मचारियों के आधे दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिये। तत्पश्चात डॉ. गढ़पाले द्वारा शासकीय प्राथमिक विद्यालय कुवरजी की बडली जैतपुराकलॉ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एक शिक्षक उपस्थित पाया गया तथा एक शिक्षक देरी से विद्यालय में उपस्थित हुए, आंगनवाडी ठीक से नहीं पाई गई, जिस पर महिला बाल विकास विभाग को आंगनवाडी ठीक किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। सीईओं जिलापंचायत ने आंगनवाडी में आशाकार्यकर्ता से जानकारी ली गई। जिसमें 102 महिलाएं गर्भवती दर्ज पाई गई। जिनको प्रसव हेतु माचलपुर, जीरापुर एवं राजस्थान जाना पडता है, को देखते हुए मौके पर ही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को तीन दिवस में पर्याप्त व्यवस्था करने एवं अधिकारी एवं कर्मचारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान ग्राम गोघटपुर विद्यालय का मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले द्वारा लक्ष्मीबाई स्व-सहायता समुह मध्यान्ह भोजन का निरीक्षण किया गया, जिसमें दिन के मीनू अनुसार खीर, पुडी, सब्जी, पाया गया एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने विद्यालय के बच्चो के साथ बैठकर मध्यान्ह भोजन किया। गोघटपुर हाईस्कूल में 10 वी कक्षा के बच्चों से पढाई की जानकारी ली एवं बच्चो को परीक्षा में उत्तीर्ण होने हेतु सुझाव व पढाई की तकनीक बताई। तत्पश्चात मठ मंदिर गोघटपुर के पास जल संरचना स्टापडेम व गेबियन सरंचना बनाये जाने हेतु सहायक यंत्री को निर्देशित किया।

### यातायात पुलिस ने वाहन चालकों के काटे चालान



**कुरावर।** नगर में एंजल्स एवं केडीपीएस निजी विद्यालयों द्वारा आयोजित फेरवेल कार्यक्रमों के दौरान यातायात नियमों की अनदेखी करना छात्रों एवं वाहन चालकों को महंगा पड़ गया। मामला जिला प्रशासन के संज्ञान में आते ही यातायात पुलिस ने कुरावर पहुंचकर कार्रवाई की और फेरवेल जुलूस में शामिल वाहनों पर चालानी कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार सोमवार एवं मंगलवार को नगर के नेशनल हाइवे पर स्थित एंजल्स एवं केडीपीएस निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा फेयरवेल कार्यक्रम के अवसर पर नगर से विद्यालय तक मुख्य मार्ग पर करीब एक किलोमीटर लंबा जुलूस निकाला गया। इस दौरान कई छात्र तेज गति से चलती कारों की खिड़कियों से बाहर लटकते हुए, वाहन के गेट पर बैठकर सेल्फी लेते हुए तथा शोर-शराबा करते नजर आए। नेशनल हाइवे जैसे अत्यधिक व्यस्त मार्ग पर इस प्रकार का कृत्य न केवल छात्रों की जान के लिए जोखिमपूर्ण था, बल्कि आम नागरिकों और राहगीरों के लिए भी परेशानी का कारण बना।

## एमडी ड्रग्स निर्माण का भंडाफोड़

# माचलपुर पुलिस व राजस्थान पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

**ब्यावरा।** थाना माचलपुर पुलिस द्वारा रात्रि गश्त के दौरान राजस्थान के जिला झालावाड़ की विशेष टीम से प्राप्त सूचना के आधार पर ग्राम गोघटपुर में मादक पदार्थ (एमडी ड्रग्स) निर्माण से संबंधित बड़ी कार्यवाही की गई। प्राप्त सूचना के अनुसार थाना झालरापाटन जिला झालावाड़ (राजस्थान) के अपराध क्रमांक 31/26 धारा 30 एनडीपीएस एक्ट में वांछित आरोपी रघुनंदन पिता गोवर्धन पाटीदार निवासी ग्राम गोघटपुर थाना माचलपुर द्वारा अपने निवास स्थान पर अवैध रूप से एमडी ड्रग्स निर्माण की फैक्ट्री संचालित की जा रही थी। सूचना की तात्कालिकता एवं आरोपी द्वारा साक्ष्य नष्ट किए जाने की पूर्ण संभावना को दृष्टिगत रखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में विधिसम्मत पंचनामा कार्यवाही कर आरोपी के निवास स्थान की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान एमडी ड्रग्स निर्माण में प्रयुक्त रॉ मटेरियल एवं उपकरण बरामद किए गए। आरोपी मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है।

### जब्त मशरूका का विवरण

मेलाटोनिन के 04 पैकेट, कुल वजन 4 किलो 810 ग्राम, प्रोपेनॉल रिएजेंट के 02 डिब्बे सीलबंद (2-त्तवचंदवस) दृ 490 ग्राम व 360 ग्राम, मेथेनोल के रिएजेंट के 02 डिब्बे सीलबंद (डमजींदवस) दृ 470 ग्राम व 220 ग्राम, नीला प्लास्टिक कंटेनर, सफेद केमिकल पाउडर सहित, वजन 4.810 किलोग्राम, नीला प्लास्टिक कंटेनर, सफेद केमिकल पाउडर सहित, वजन 5.380 किलोग्राम, नीला प्लास्टिक कंटेनर, सफेद केमिकल पाउडर सहित, वजन 17.695 किलोग्राम, स्टील/प्लास्टिक मिश्रित कंटेनर, सफेद केमिकल पाउडर सहित, वजन 7.950 किलोग्राम, सफेद प्लास्टिक पॉलिथिन में भरा सफेद केमिकल पाउडर 910 ग्राम। उपरोक्त केमिकल पाउडर का कुल वजन 43.095 किलोग्राम व अन्य सामग्री संपूर्ण कार्यवाही की वीडियोग्राफी कराई गई तथा जप्त मशरूका को विधिवत सीलबंद कर मालखाने में सुरक्षित रखा गया।

# मॉडल स्कूल के छात्रों ने विदाई समारोह से पहले मचाया हुड़दंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶खुजनेर

नगर में शासकीय मॉडल स्कूल मंगलवार को दिनभर सुर्खियों में रहा। छात्रों ने अनुशासन की जमकर धज्जियां उड़ाई। विदाई का जश्न ऐसा मनाया कि पुलिस द्वारा छात्रों को थाने ले जाया गया जमकर हुड़दंग मचाया गया। सूत्रों के अनुसार विदाई समारोह में छात्र स्कूल पहुंच रहे थे लेकिन छात्रों ने बिना किसी खौफ के विदाई समारोह से पहले एक जगह ट्रैक्टर फोर व्हीलर बुलेट के साथ एकत्रित हुए जमकर स्टैंड बनाया आम जनों की शिकायत के बाद पुलिस मौके पर पहुंची टैक्टरो को थाने लाया गया छात्रों को समझाइश के बाद



स्कूल भेजा गया लेकिन उधर आनन फानन में माडल स्कूल के समीप कार व एक छात्र की बुलेट की भयानक भिड़ंत हो गई जिसके बाद घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्राथमिक उपचार कराया गया। गनीमत रही किसी को कोई ज्यादा चोट नहीं लगी। सूत्रों के अनुसार बताया कि स्कूलों की छुट्टी के बाद छात्र सड़क पर तेज रफ्तार बाइके दौड़ाते है पुलिस प्रशाशन को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

**इनका कहना है**

कुछ स्कूली छात्र थे जिनके विरुद्ध चलानी कार्यवाही की गई। इनके पैरंट्स को बुलाकर समझाइश दी गई। आगे से कोई भी इस तरह घटना की जाए तो सख्त कार्यवाही की जाएगी

विकास राठौर, थाना प्रभारी खुजनेर

## 2 लोगों पर कार्रवाई, मुख्य ठेकेदार फरार

# पार्किंग में मनमानी वसूली पर प्रशासन सख्त

**सारंगपुर।** भैंसवा माता मेले में पार्किंग के नाम पर श्रद्धालुओं से मनमानी वसूली के मामले में प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। मामले को लेकर सामने आई शिकायतों और प्रकाशित खबर के बाद तहसीलदार आकाश शर्मा ने कार्रवाई करते हुए 2 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि मुख्य ठेकेदार फरार बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार मेले में प्रशासन द्वारा दोपहिया वाहनों के लिए 10 रुपए तथा चारपहिया वाहनों के लिए 20 रुपए पार्किंग शुल्क निर्धारित किया गया था। इसके बावजूद ठेके से जुड़े लोगों द्वारा श्रद्धालुओं से निर्धारित शुल्क से कई गुना अधिक राशि वसूली जा रही थी। श्रद्धालुओं द्वारा लगातार शिकायत किए जाने के बाद मामला सामने आया।प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कराई, जिसमें अनियमितता की पुष्टि होने पर तहसीलदार आकाश शर्मा के निर्देशन में कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान दो लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। वहीं इस पूरे मामले में मुख्य ठेकेदार की तलाश जारी है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए किसी भी प्रकार की अवैध वसूली या नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि दोषियों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

खबर का असर


प्रशासनिक आदेशों की उड़ाई धज्जियां

भैंसवा माता मेले में पार्किंग के नाम पर श्रद्धालुओं से मनमानी वसूली

# कैंसर के खतरे को कई गुना बढ़ा देते हैं सिगरेट और तंबाखू, जागरूक किया

## विश्व कैंसर दिवस पर आयोजित हुए शिविर व कार्यशालाएं



**राजगढ़।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर बुधवार को जिले भर में कईं स्थानों पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में करीब 1200 से अधिक लोगों ने अपनी जांच करवाई। शिविरों के माध्यम से न केवल कैंसर संभावित मरीजों की पहचान की गई बल्कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोगों को इस गंभीर बीमारी के प्रति जागरुक भी किया गया।

यह शिविर जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, उप-स्वास्थ्य केंद्रों, सिविल अस्पतालों और जिला अस्पताल में लगाए गए थे। इन शिविरों में बड़ी संख्या में लोग अपनी जांच करवाने पहुंचे। प्रभारी डीपीएम सुनील वर्मा ने बताया कि इस दौरान विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच भी की गई। मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल ने समय पर जांच के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि कैंसर जैसी बीमारी का यदि प्रथम चरण में पता चल जाए, तो इसका सफल उपचार पूरी तरह संभव है। विशेषकर महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल और स्तन कैंसर की समय रहते पहचान होने पर उनकी जान बचाई जा सकती है।

### कैंसर के खतरों से भी किया आगाह

जिला अस्पताल में आयोजित जागरुकता कार्यक्रम में चिकित्सकों सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने आमजन को कैंसर के खतरों से आगाह किया। कैंसर नोडल अधिकारी डॉ. आर.के. कठेरिया ने बताया कि गलत जीवनशैली कैंसर का बड़ा कारण है। उन्होंने कहा कि शराब, सिगरेट और तंबाकू का सेवन कैंसर के खतरे को कई गुना बढ़ा देते है। शरीर में किसी भी असामान्य गांठ या परिवर्तन को नजर अंदाज न करें।

### आगामी त्योहारों को लेकर थाना परिसर नरसिंहगढ़ में शांति समिति की बैठक आयोजित



**नरसिंहगढ़।** आगामी महाशिवरात्रि मेला एवं पर्व को लेकर थाना परिसर नरसिंहगढ़ में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम सुशील कुमार, एसडीओपी नेहा गौर, थाना प्रभारी एस.एस. चैहान सहित गणमान्य नागरिक एवं पत्रकार बंधु उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि 9 फरवरी 2026 से प्रारंभ हो रहे महाशिवरात्रि मेले तथा 15 फरवरी 2026 को मनाए जाने वाले महाशिवरात्रि पर्व के दौरान क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध किए जाएंगे। श्रद्धालुओं को सुगमता से दर्शन हो सके, इसके लिए पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त टीम सक्रिय रहेगी। असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा पूरे मेला परिसर को सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रखा जाएगा। यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने के लिए भी विशेष व्यवस्था की जाएगी, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रशासन ने नागरिकों से भी सहयोग की अपील करते हुए शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से पर्व मनाने का आग्रह किया है।

## क्षेत्र के तापमान में लगातार हो रहा बदलाव

# फिर हाड़ कंपा रही सर्द हवाएं दोपहर 12 बजे तक कोहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

शीतलहर और ठंड से परेशान लोगों को सर्दी के सितम से राहत मिलने की उम्मीद फिलहाल नजर नहीं आ रही है। बीते तीन दिनों से दिन के साथ रात में भी चल रही सर्द हवाओं ने लोगों को परेशान कर रखा है। शीतलहर के साथ ही दोपहर पर छाए रहने वाले घने कोहरे से भी जनजीवन काफी प्रभावित हो रहा है।

बुधवार दोपहर करीब 12 बजे तक क्षेत्र में धुंध छाई रही। सिर्फ तीन घंटे तक ही सूर्यदेव आसमान में नजर आए और शाम 4 बजे बाद वापस से क्षेत्र कोहरे की आगोश में छाया नजर आया। मौसम के जानकारों आगामी 3-4 दिनों तक मौसम ऐसा ही बना रहने का अनुमान जताया है। उधर, अचानक बदले



मौसम के चलते लोग फिर से गर्म कपड़ों और अलाव के जरिए अपने सर्दी से बचाते नजर आ रहे हैं। गत 2 फरवरी को जिले का न्यूनतम तापमान 13.0 डिग्री रिकार्ड किया गया था जो तीन दिनों में लुढ़कते हुए बुधवार को 8.8 डिग्री दर्ज किया गया।

### दिन में भी जलते नजर आए अलाव

शीतलहर और सर्दी का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोग दिन में भी अलाव का सहारा लेते दिखे। इसके साथ ही घने कोहरे के चलते दोपहर तक वाहन चालक हेडलाईटों को ऑन करके चल रहे हैं।

**बीते एक हफ्ते में जिले का न्यूनतम तापमान**

(तापमान डिग्री/सेल्सियस में)

| | |
|---|---|
| 04 फरवरी | 8.8 |
| 03 फरवरी | 11.0 |
| 02 फरवरी | 13.0 |
| 01 फरवरी | 9.6 |
| 31 जनवरी | 10.0 |
| 30 जनवरी | 3.0 |
| 29 जनवरी | 8.4 |

**खबर संक्षेप**

### प्रतिभाओं का होगा नगर गौरव से सम्मान

**सीहोर।** शहर की प्रतिभाओ के सम्मानित करना उनके भीतर सकारात्मक प्रेरणा जगाने का उत्कृष्ट प्रयास नगर पालिका का पहला प्रयास है। जब हम किसी व्यक्ति की मेहनत और उपलब्धियों को सार्वजनिक रूप से सम्मानित करते हैं तो हम सिर्फ उसका मनोबल नही बढ़ाते, बल्कि शहर के अन्य लोगों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। आज हमारे शहर की प्रतिभाओं ने क्षेत्र का नाम अंतर्राष्ट्रीय स्तर रोशन करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। इसके अलावा विश्व में सनातन धर्म को मजबूत करने और जन-जन में शिव नाम की महिमा पहुंचाने वाले हमारे अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा का मंच से सम्मान किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में एक्टर नेहा मेहता और प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर के अलावा क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधि और क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में शामिल रहेंगे। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने बैठक के दौरान चर्चा करते हुए बताया कि साहित्य, खेल, समाजसेवा, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, विज्ञान, आईएएस, आईपीएस, स्वच्छता, धर्म आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित करने के लिए कई प्रतिष्ठित आयोजन होते है, 2025-2026 के संदर्भ में प्रमुख सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। सीहोर गौरव सम्मान समारोह के दौरान नगर पालिका स्वच्छता का संकल्प दिलाएगी, नगर पालिका ने स्वच्छता 2026 में देश में अव्वल आने का लक्ष्य रखा है। नपाध्यक्ष श्री राठौर ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण में अव्वल आने के लिए सभी का मिलकर प्रयास करना जरूरी है।

### विधायक कार्यालय में हुई जनसुनवाई, आवेदन देकर लोगों ने बताई अपनी-अपनी समस्याएं

# नोमनिया देवपुर के किसानों ने ग्राम को नर्मदा-पार्वती लिंक योजना में जोड़ने की मांग लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन

विधायक ने जनता की समस्याओं को सुना एवं उनकी समस्याओं को हल करने के सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

विधायक कार्यालय में होने वाली जनसुनवाई में ग्राम पंचायत झिकडी मेवाती के किसानों ने जनसुनवाई में पहुंच कर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर से ग्राम नोमनिया देवपुर को नर्मदा पार्वती लिंक योजना में जोड़ने की मांग की। ग्राम के असगर खान, फूलसिंह,कल्लू खा, चेनसिंग,कमलसिंह ने विधायक को बताया की उक्त योजना में हमारे ग्राम छूट गये है। अगर ये ग्राम योजना में जुड़ जाते है तो ग्राम के किसानों की करीब 90 हेक्टेयर जमीन को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो जायेगी। विधायक ने ग्रामीणों को भरोसा दिया है की वे अधिकारियों से बात करेंगे और पूरे प्रयास करेंगे कि उक्त योजना का लाभ किसानों को मिले।

विधायक ने इस जनसुनवाई में आये अन्य कई ग्रामो के ग्रामीण जनों की समस्याओं को सुना। स्मरण रहे प्रत्येक बुधवार को आष्टा विधायक अपने कार्यालय में सुबाह 10 बजे से जनता की समस्याओं को सुनने, उनेह हल करवाने के लिये जनसुनवाई करते है। बुधवार को प्रातः 10 बजे से कार्यालय में उपस्तिथ रह कर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने जनता की समस्याओं को सुना एवं उनकी समस्याओं को हल करने के सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर जो की हर बुधवार को अपने कार्यालय में जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत उपस्तिथ रहते है। बड़ी संख्या में क्षेत्र से नागरिक जनसुनवाई में पहुचे व अपनी अपनी पीड़ा से विधायक को अवगत कराया व आवेदन दिये। जनता से प्राप्त आवेदनों पर विधायक ने कहा की आपका जन सेवक होने के नाते आपकी समस्याओं को सुनना, हल करना मेरा धर्म है। आये आवेदनों को तत्काल सम्बंधित विभागों के अधिकारियों से चर्चा कर ग्रामीणों की समस्याओं का समय सीमा में तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिये। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कार्यालय आये सभी नागरिको को भरोसा दिया कि आपकी समस्याओं का जल्द निराकरण होगा,जो मांग शासन स्तर की है उनेह वे शासन तक पहुचायेंगे। विधायक कार्यालय से जानकारी देते हुए बताया की आज जनसुनवाई में प्रधानमंत्री आवास दिलाने एवं आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने, कृषि भूमि का रिकार्ड कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज कराने, ग्राम गोण्डपुरा की वन भूमि का राजस्व भूमि में परिवर्तन कराने, पगारिया हॉट में देव महाराज का ओटला निर्माण कराने, ग्राम भगवानपुर को ग्राम गुराड़िया सिराजुद्दीन तक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना में जोड़ने संबंधी, विद्युत देयक समायोजन संबंधी, हुसैनपुर खेडी में टीन शेड निर्माण हेतु राशि स्वीकृत करने, बी.पी.एल. कार्ड बनवाने संबंधी, ग्राम झिकडी मेवाती में जल आपूर्ति हेतु पानी का टेंकर प्रदाय करने, ग्राम नोमानिया व देवपुर की भूमि में सिंचाई हेतु दोनों ग्रामो को नर्मदा-पार्वती लिंक परियोजना में जोड़ने संबंधी सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। सभी आई शिकायतों, मांगो एवं आवेदनों को सम्बंधित विभागों को निराकरण हेतु निर्देश दिये है। विभागों की आई समस्याओं को लेकर मौके से ही सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को आई समस्याओं के निराकरण करने के निर्देश दिये, कुछ आवेदन निराकरण हेतु सम्बंधित विभागों को भेजे।




#### प्रधानमंत्री सडक योजना से जोडने ग्रामीणजनों ने दिया आवेदन



ग्राम पंचायत नवरंगपुर के ग्राम भगवानपुर (पदम श्री) के रहवासियों ने क्षेत्रिय विधायक गोपालसिंह इंजिनियर के नाम एक आवेदन सौपा। आवेदन के माध्यम से ग्राम भगवानपुर के किसानो ने बताया कि हमारे ग्राम भगवानपुर को ग्राम गुराडिया सिराजउद्दीन से प्रधानमंत्री सडक योजना के तहत जोडा जाए। जिससे कि दोनो ग्रामो के किसानो एवं रहवासियो को आवाजाही में परेशानी ना हो। वही बारीस के समय फसलो को लाने ले जाने में उनके ट्रेक्टर व हारवेस्टर सडक पर फस जाते है जिनको निकलवाने के लिए जेसीबी आदि अनेक मशीनो को बुलाना पडता है। भविष्य में अगर यह दोनो ग्राम प्रधानमंत्री सडक योजना से जुड जाए तो दोनो ही ग्ारमों को किसानों एवं रहवासियो को काफी सुविधाएं प्राप्त हो जाएगी। उक्त आवेदन पर विधायक गोपालसिंह इंजिनियर ने भी ग्राम वासियों को पूर्ण आवश्वासन दिया है कि जल्द से जल्द ही यह कार्य किया जाएगा। आवेदन देने वालो में मुख्य रूप से कुमेरसिंह, मांगीलाल विश्वकर्मा, पूर्व सरपंच नन्दकिशोर विश्वकर्मा, उपसरपंच पटेल कमलसिंह, प्रेमसिंह, देवसिंह, दुर्गाप्रसाद, कृपालसिंह, कैलाशसिंह, सुरेन्द्रसिंह, नरसिंह, नितेश, मोहित एवं अनेक ग्रामीणजन उपस्थित थे।

#### पदाधिकारियों का किया स्वागत



**आष्टा।** अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रिय खाती समाज एवं सकल समाज के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का आज विधायक कार्यालय पर स्वागत सम्मान कार्यक्रम आयोजित कर सभी पदाधिकारियों का स्वागत सम्मान किया गया। विधायक कार्यालय से जारी विज्ञप्ति अनुसार आज विधायक गोपालसिंह इंजीनियर द्वारा अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रिय खाती समाज के आष्टा नगर अध्यक्ष बनने पर दौलत चौधरी व सकल समाज आष्टा के नव निर्वाचित अध्यक्ष नरेन्द्र कुशवाह,संयोजक मुकेश नामदेव, सचिव मनीष डोंगरे का कार्यालय पर सभी को साफा बांध कर एवं रामनामी दुपट्टे पहना कर समाज की ओर से मिली नई जिम्मेदारी पर स्वागत सम्मान कर सभी को समाजहित में अच्छे से अच्छे कार्य करने की बधाई दी।

## जब तक तन में शक्ति है आत्मनिर्भर बने रहिए: साध्यसागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

राम काज कीन्हे बिनु मोहि कहां विश्राम हमारे चिंतन में सदैव यही भावना रहनी चाहिए। सेवा और साधना में निवृत्ति नही होती। जब तक तन में शक्ति है आत्म निर्भर बने रहें। समाज के लिए समर्पण, भावों में निर्मलता, कर्त्तव्य के प्रति निष्ठा रखना और सतत सक्रियता वह गुण हैं जो किसी भी व्यक्ति को सार्वजनिक जीवन मे भी श्रेष्ठता का सम्मान दिला देता है। अगर आप सकारात्मक हैं तो प्रभावोत्पादक भी हैं इसलिए अपने कर्म, कथन और व्यवहार में हमेशा सकारात्मकता रखनी चाहिए। धर्म चर्चा के दौरान यह उद्गार दिगम्बर जैन किला मन्दिर में विराजित पूज्य मुनि साध्यसागर जी ने व्यक्त किये। गुरु चरण आराधना को पहुंचे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के एक्जीक्यूटिव सदस्य पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार, पूर्व समाज अध्यक्ष यतेंद्र जैन श्री मोड़, वरिष्ठ समाज सेवी प्रभु प्रेमी संघ के संरक्षक सुनील जैन प्रगति आदि ने परम् तपस्वी मुनि विश्वसूर्य सागर व मुनि साध्यसागर महाराज को श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद लिया। पूर्व नपाध्यक्ष ने नगर की धार्मिक चेतना, नगरवासियों की धर्म मे अटूट आस्था तथा सांस्कृतिक गतिविधियों से अवगत कराते हुए नगर में पूज्य स्वामी अवधेशानन्द गिरी जी महाराज की असीम अनुकम्पा और उनकी प्रेरणा से स्थापित प्रभु प्रेमी संघ की गतिविधियों से भी मुनि द्वय को अवगत कराया। अपने आशीर्वचन में मुनि साध्यसागर ने कहा कि लोक सेवक का लोक व्यवहार सदैव ही धैर्य, समरसता सहानुभूतिपूर्ण और सार्वभौमिक होना चाहिए क्योंकि अच्छे व्यक्ति का अनुसरण भी होता है और उन्हें प्रतिस्पर्धा से भी जूझना होता है।



## शाजापुर के अनिल पाटीदार को खुली जय श्री ज्वेलर्स के लक्की ड्रॉ में कार, फोन लगाकर दी गई सूचना

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर की सुप्रसिद्ध ज्वेलर्स दुकान जयश्री ज्वेलर्स पर कृष्णा डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी की 25 हजार की खरीदी पर इनामी कूपन रखे गए थे। समय सीमा के पश्चात आज जयश्री ज्वेलर्स पर ड्रा खोला गया। ग्राहकों की उपस्थिति में खोले गए ड्रा में आज प्रथम पुरस्कार के रूप में रखी गई कार शाजापुर के गायत्री जनरल स्टोर केअनिल पाटीदार को खुली।

25 हजार की खरीदी पर पांच ग्राहकों के लिए स्कूटी भी रखी गई थी। जिसमें दो स्कूटी पूर्व में संतोष राठौर आष्टा एवं दिनेश वर्मा रनायल के नाम खुल चुकी थी। आज तीन स्कूटी का भी ड्रॉ खोला गया। जो गोविंद साहू,मोहसिन खान ,एलिजा खान को खुली। जयश्री ज्वेलर्स के संचालक जितेंद्र सोनी दादा, महेश सोनी एवं शुभांश सोनी ने सभी विजेताओं को ड्रा में खुले इनामो की सूचना दी तथा उन्हें बधाई दी। जयश्री ज्वेलर्स के संचालक जितेंद्र महेश सोनी ने उन सभी ग्राहकों का आभार व्यक्त किया जिन्होंने कृष्णा डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी की 25 हजार की खरीदी पर कूपन की जो स्कीम शुरू की थी उसमें उन्होंने भाग लिया ओर इस इनामी कूपन स्कीम को सफल बनाया।




बिजनेस न्यूज

## नवयुवक मंडल के सदस्य हुए भागवत कथा में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

ग्राम रसूलपुरा में मालवा माटी के लाल संत गोविंद जाने के श्रीमुख से चल रही श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धालु शामिल हुए। इस अवसर पर अपार जन समूह और मात्र शक्तियों की उपस्थिति में श्रीमद्भागवत कथा श्रवण कर श्रद्धालुओं ने धर्मलाभ लिया। संत गोविंद जाने को हल्दी रोली का टीका लगाकर चरणों मे पुष्प अर्पण कर संपूर्ण नवयुकों ने आशीर्वाद लिया। इस सुअवसर पर संत गोविंद जाने द्वारा ग्राम के सभी नवयुवक के मस्तक पर सनातन परंपरा का रोली कुमकुम का तिलक लगाकर उपस्थित अपार धर्मप्रेमी जनता के बीच ग्राम रसूलपुरा के नवयुवक मंडल की प्रंशसा कर आशीर्वाद दिया।



### डिजिटल एवं वित्तीय साक्षरता से किया जागरूक

**सीहोर।** संकल्प वृद्धाश्रम में सामाजिक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के तत्वाधान में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर यहां पर निवासरत बुजुर्गों को संबोधित करते हुए डिप्टी कलेक्टर प्रेम सिंह गौंड ने कहाकि प्रशासन का आश्रम के संचालक राहुल सिंह, पेंशन एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल शर्मा और संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी आदि के सहयोग से कार्यशाला बुजुर्गों को डिजिटल एवं वित्तीय रूप से साक्षर बनाना उन्हें आधुनिक दुनिया में सुरक्षित, स्वतंत्र और आत्मनिर्भर बनाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## मार्डन स्कूल में कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं को दी विदाई




हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

संस्था मार्डन पब्लिक हा.से. स्कूल आष्टा में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी कक्षा 12वीं के छात्र/छात्राओं का विदाई समारोह रखा गया। जिसमें कक्षा 11वीं के छात्र/छात्राओं ने अपने सीनियर छात्रों को बड़े धूम-धाम से स्वागत किया व विदाई दी। कार्यक्रम की शुरूआत में सर्वप्रथम विद्या की देवी माँ सरस्वती के पूजन के साथ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलीत व माल्यार्पण कर की गई। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 11वीं के छात्रा सृष्टि परमार व रिया परमार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम मे संस्था मार्गदर्षक केएल परमार, एस.एल. परमार, बीएस ठाकुर द्वारा सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ शुभकामनाए दी। कार्यक्रम की सुन्दर प्रस्तुति में नृत्य, गीत व गुदगुदाते चुटकुलो ने सभी को खुब हसाया। संस्था के मार्गदर्शक एसएल परमार ने अपने उदबोधन में बच्चो को भविष्य में एकाग्र रहकर आगे बढने के गुर सिखाये व मार्गदर्षक केएल परमार द्वारा बच्चों को आगे बढना और समाज के उत्थान के लिए कार्यकर भविष्य बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में मिस फेयरवेल छात्रा कु. अनुष्का करमोदिया व मिस्टर फेयरवेल छात्र कुणाल सोनी नाम की घोषणा के साथ ही छात्र/छात्राओं का सम्मान संस्था के मार्ग दर्शक द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सभी छात्र/छात्रा काफी उत्सुक दिखे। सभी शिक्षकगण बच्चों की इस मेहनत से बहुत खुश हुए व बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों में इस अवसर पर स्कूल के संचालक मंडल व शाला परिवार के मार्ग दर्शक एसएल परमार, केएल परमार, बीएस ठाकुर व समिति अध्यक्ष अभिषेक परमार, प्राचार्य शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, उपप्राचार्य विकास चौरसिया, बीएल मालवीय, रवि पाठक, राजेश बड़ोदिया, रजत धारवा, संदीप ठाकुर, निर्मला सारसिया, करिष्मा चौपड़ा, अंजली चौरसिया, नीता सक्सेना, ईषा जैन, पायल ठाकुर, पूजा ठाकुर सना अली, अपेक्षा पेरवाल, तेजू मेवाड़ा, विधि चौहान, आयुषी जैन, लक्ष्मी चौरसिया, ज्योति राजपूत, प्रतिभा तोमर, ईतिका चौहान आदि उपस्थित हुए।

### स्मार्ट कृषि को आगे बढ़ाने इकराडा ने किया ऐतिहासिक संवाद कार्यक्रम का आयोजन

# प्रदेश भर से आए प्रगतिशील किसान, कृषि विशेषज्ञों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी

बढ़ते जलवायु जोखिमों के बीच कृषि क्षेत्र में परिवर्तन को गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में, शुष्क क्षेत्रों के लिए अंतरराष्ट्रीय कृषि अनुसंधान केंद्र इकराडा ने क्लाइमेट एक्शन साइंस प्रोग्राम डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन एक्सेलेरेटर तथा सस्टेनेबल फार्मिंग पहल के सहयोग से परामर्श बैठक का आयोजन किया। यह आयोजन कृषि में डिजिटल परिवर्तन को बिखरी हुई पहलों से आगे बढ़ाकर एक समन्वित, राज्य-स्तरीय जलवायु कार्रवाई एजेंडा में रूपांतरित करने की रणनीतिक पहल के रूप में सामने आया।

इस परामर्श में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों, आइआईटी इंदौर व राज्य कृषि विश्वविद्यालयों सहित प्रमुख शैक्षणिक व अनुसंधान संस्थानों, सिविल सोसायटी संगठनों जैसे सॉलिडैरिडैड मध्य प्रदेश, अंतरराष्ट्रीय संगठनों, विश्व बैंक सहित विकास वित्त संस्थानों, निजी क्षेत्र की कंपनियों, एग्री-टेक उद्योगों, उभरते स्टार्ट-अप्स तथा मध्य प्रदेश भर से आए प्रगतिशील किसानों और कृषि विशेषज्ञों ने भाग लिया। यह परामर्श किसी परियोजना के शुभारंभ या वित्तीय घोषणा के बजाय एक खुली और अन्वेषणात्मक चर्चा के रूप में आयोजित किया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य यह समझना था कि डिजिटल जलवायु परामर्श सेवाओं और जलवायु-स्मार्ट कृषि को किसान-केंद्रित होने के साथ-साथ संस्थागत रूप से सुदृढ़ तरीके से किस प्रकार बड़े पैमाने पर लागू किया जा सकता है। प्रतिभागियों ने इस बात पर जोर दिया कि सहयोग व्यक्तियों के बजाय प्रणालियों में निहित होना चाहिए। इस संदर्भ में मध्य प्रदेश सरकार के कृषि विभाग के उप निदेशक कमल जैन ने कहा कि सहयोग को संस्थागत रूप देना आवश्यक है, क्योंकि व्यक्ति बदलते रहते हैं और व्यक्तिगत संबंध पुनः स्थापित होते रहते हैं।

उन्होंने भागीदारों के बीच स्पष्ट भूमिकाओं, खुली संवाद प्रक्रिया और पारस्परिक मान्यता के महत्व पर भी बल दिया। विश्व बैंक के मोहसेन हुसैन ने चर्चाओं में सक्रिय भागीदारी की और सार्वजनिक डेटा के लोकतंत्रीकरण तथा गैर-सरकारी नवाचारों के एकीकरण के माध्यम से बड़े पैमाने पर डिजिटल सेवाएँ प्रदान करने हेतु एक संभावित परिचालन मॉडल प्रस्तुत किया। ग्री-टेक स्टार्ट-अप एग्रीदूत के प्रतिनिधियों ने बताया कि निजी कंपनियों को अक्सर सरकारी प्रणालियों द्वारा उत्पन्न डेटा तक पहुँच नहीं मिल पाती और किसानों का विश्वास अर्जित करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जबकि सरकारें निजी क्षेत्र के साथ गहरे सहयोग को लेकर सतर्क रहती हैं। प्रतिभागियों ने इस बात पर सहमति व्यक्त की कि पारदर्शी डेटा गवर्नेंस ढाँचे और स्पष्ट सार्वजनिक-हित सुरक्षा उपाय इन चुनौतियों को दूर करने के लिए आवश्यक हैं।

मृदा, जल एवं एग्रोनॉमी थीम लीडर डॉ. विनय नांगिया ने कहा कि पारंपरिक कृषि विस्तार सेवाएँ प्रायः निःशुल्क रही हैं और ई-एक्सटेंशन से भी निःशुल्क होने की अपेक्षा की जाती है। उन्होंने किसान अपनाने को प्रोत्साहित करने के लिए डिजिटल परामर्शों को मौजूदा सरकारी योजनाओं से जोड़ने तथा लागत वसूली के वैकल्पिक तंत्रों की खोज की आवश्यकता पर बल दिया।परामर्श सेवाओं की विश्वसनीयता और सत्यापन एक केंद्रीय चिंता के रूप में उभरी।

क्लाइमेट और डिजिटल एक्शन थीम लीडर डॉ. अजीत गोविंद ने कहा कि किसान परामर्श सिफारिशों के आधार पर वास्तविक जोखिम उठाते हैं। उन्होंने कहा, वर्तमान में परामर्शों को सत्यापित करने के लिए कोई मानक उपलब्ध नहीं हैं और उनकी वैधता स्थापित करने हेतु एक नियामक प्राधिकरण की आवश्यकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि सामान्य सत्यापन प्रोटोकॉल विकसित करने में योगदान दे सकता है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि मौजूदा कई परामर्श सेवाएँ केवल वर्षा और सीमित मौसम मानकों तक सीमित हैं, जबकि समग्र और बहु-आयामी निर्णय-समर्थन की आवश्यकता है।

इन्हीं चिंताओं को दोहराते हुए वाधवानी इंस्टिट्यूट की सोनाली घिके ने कहा कि डिजिटल परिवर्तन स्वभाव से एक क्रमिक प्रक्रिया है। उन्होंने बताया कि किसान उच्च-मूल्य वाली नकदी फसलों के लिए परामर्श सेवाओं का भुगतान करने को तैयार रहते हैं, लेकिन अविश्वसनीय या परस्पर विरोधी जानकारी के लिए नहीं। उन्होंने डिजिटल परामर्श अनुप्रयोगों के लिए सरकार-समर्थित प्रमाणीकरण की आवश्यकता पर जोर दिया। परामर्श का समापन प्रमुख कमियों, अभिसरण के अवसरों और आगे की दिशा के लिए मार्गदर्शक सिद्धांतों के संकलन के साथ हुआ।



